तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 2 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
शादी समारोह में गया था परिवार, जेवरात सहित लाखों का माल ले उड़े चोर



## खबर संक्षेप

### आईटी कालेज से कल कटघोरा भेजी जायेगी ईवीएम

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान कराने आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। मतदान दलों को 6 मई को सामग्री का वितरण किया जायेगा। चूंकि इस वर्ष कटघोरा तथा पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सामग्री का वितरण शासकीय मुकुटधर महाविद्यालय कटघोरा से किया जायेगा। इसके मद्देनजर 4 मई को आईटी कालेज स्थित स्ट्रांग रूम से कटघोरा के मुकुटधर कॉलेज के अस्थाई स्ट्रांग रूम में रखी जायेगी। इसके पश्चात 6 मई को मशीनों का वितरण मतदान केन्दों के लिये किया जायेगा। मतदान संपन्न होने के उपरांत 7 मई को मतदान समाग्री मुकुटधर कॉलेज के अस्थाई स्ट्रांग रूम रखी जायेगी और 8 मई को कटघोरा से ईवीएम मशीन को आईटी कालेज स्थित स्ट्रांग में रखी जायेगी। इस दौरान वीडियोग्राफी के साथ संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति के लिए कहा गया है।

### मतदान दिवस के विज्ञापन का प्रमाणन जरूरी

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने बताया कि मीडिया प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। ऐसा कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा जो सामाजिक समरसता को बिगाड़ने अथवा तनाव को बढ़ाने, शांति भंग करने, संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत हो और किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाला नहीं हो। कलेक्टर ने बताया कि मीडिया प्रमाणन राजनैतिक विज्ञापन के लिए आवश्यक है, इनमें टीवी चौनल, केबल टीवी चौनल, रेडियो (निजी एफएम सहित), सिनेमा घर, ई-समाचार पत्र, बल्क एवं वाईस एसएमएस एवं सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम शामिल है। कोरबा जिले में 7 मई को वोट डाले जाएंगे, इसे देखते हुए 6 व 7 मई को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले ऐसे तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को जिला व राज्य स्तर पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है, निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है, राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन किया जाता है।

### गौरला-पेण्ड्रा के लिए 5 को बस होगी रवाना

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत कोरबा जिले से अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान दल के रूप में गौरेला-पेण्ड्रा (मरवाही विधानसभा) क्षेत्र में लगाई गई है। उक्त मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को गौरेला-पेण्ड्रा ले जाने हेतु वाहन की व्यवस्था की गई है। एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा ने बताया कि विकासखण्ड कोरबा और करतला क्षेत्र के अधिकारियों-कर्मचारियों हेतु बस पीजी कॉलेज कोरबा एवं पोड़ी-उपरोड़ा, कटघोरा तथा पाली क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बस तहसील कार्यालय कटघोरा से रवाना होगी। सभी बसें 5 मई को दोपहर 12 बजे मतदान दल को लेकर गौरेला-पेण्ड्रा के लिए रवाना होगी। बस में जाने वाले सभी मतदान दल की उपस्थिति हेतु अटेंडेंस ली जाएगी। कुल 846 कर्मचारियों हेतु 19 बसों की व्यवस्था की गई है।

### एनटीपीसी बाल भवन ने मनाया वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** एनटीपीसी के बाल भवन ने वार्षिक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरित माहेश्वरी परियोजना प्रमुख एनटीपीसी कोरबा और राखी माहेश्वरी अध्यक्ष मैत्री महिला समिति ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बाल भवन की प्रभारी मीता भट्टाचार्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और बाल भवन, एनटीपीसी कोरबा के 33वें वार्षिक दिवस समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# कोरबा में माइनिंग कॉलेज के लिए पर्याप्त संभावनाएं: सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अगले 6 महीने के भीतर कोरबा में रेल कनेक्टिविटी काफी बेहतर कर दी जाएगी, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक 6782 करोड़ रूपये रेल परियोजनाओं में खर्च किए जा रहे हैं, जिसमें कोरबा भी शामिल है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा के लिए अच्छे कार्य करने पर उनका जोर होगा। कोरबा में माइनिंग कॉलेज की स्थापना किए जाने की पूरी संभावना है। शिक्षा के मामले में कोरबा को आगे करने के लिए कई प्रयास किया जाना आवश्यक है।

उक्त बातें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी डॉ.सरोज पांडेय ने पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि कोरबा में माइनिंग कॉलेज की स्थापना कराई जाए ताकि यहां के छात्रों को रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो सके। शिक्षा के क्षेत्र में और जो कुछ संभव हो सकेगा, उसे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच सालों के लिए भाजपा जनता के आशीर्वाद की आकांक्षी है। हमारा विश्वास है कि वर्ष 2024 में जनता बीजेपी की तीसरी बार सरकार बनाना चाहती है। पूर्ण बहुमत के साथ मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे। कोरबा लोकसभा आकांक्षी लोकसभा है। पिछले पांच वर्षों में जो योजनाएं शुरू की गईं उन्हें पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है। आकांक्षी जिला कोरबा के साथ विकसित भारत की ओर आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के लिए कई योजनाएं शुरू की है, जो योजनाएं शुरू की गई है। क्षेत्र में कुछ चीजों की आवश्यकता है, जिसमें आयूष एम्स और सुपर मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल प्रमुख हैं। जिससे इमरजेंसी में क्षेत्र के लोगों को बिलासपुर व रायपुर की दौड़ न लगानी पड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों की चिंता की है और उन्हें झुग्गी झोपड़ियों की जगह पक्का मकान दिया । इसके अलावा धार्मिक स्थलों व संस्कृति विरासत को सुरक्षित रखते हुए काम किया जाएगा। सुश्री सरोज पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र सरकार के द्वारा प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए 6 हजार 782 करोड़ के कार्य कराए जा रहे हैं और इनमें सर्वाधिक काम कोरबा के हैं। अगले 6 महीने में यहां रेल कनेक्टिविटी बेहतर होने की संभावना है। विद्युत संयंत्रों की रखड़ से संबंधित समस्या को लेकर उनका जवाब था कि समाधान के लिए कई विकल्प होते हैं। जिले में प्रदूषण की समस्या विकराल होते जा रही है, प्रदूषण पर लगाम लगाने के उद्देश्य से योजना बनाकर काम किया जाएगा। सुश्री सरोज पाण्डेय ने एक बार फिर दोहराया कि क्षेत्र के सभी पंचायतों को 25-25 लाख रुपए देने की जो बात उन्होंने कही थी वह उस पर अडिग है। पत्रकारवार्ता के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अशोक चावलानी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल उपस्थित थे।

### सरोज का दावा: 6 महीने में बेहतर होगी रेल कनेक्टिविटी

**खास बात**

- प्रदेश में रेल परियोजनाओं पर 6 हजार 782 करोड़ किए जा रहे हैं खर्च




### कई गांव व स्कूल विद्युत विहीन

पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने मोदी के संकल्प को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र में आज भी ऐसे कई गांव हैं जहां बिजली नहीं है,शिक्षा की व्यवस्था नहीं है। कई स्कूल ऐसे हैं जहां अब तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। कई आंगनबाड़ी केन्द्र भी विद्युत विहीन है। इन सब पर काम करने की जरूरत है। इसके अलावा पीने के पानी के लिए लोगों को स्थानीय जल स्रोतों से प्यास बूझानी पड़ती है। आने वाले समय में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर फोकस किया जाएगा और योजना बनाकर काम किया जाएगा।

### यह राष्ट्रीय चुनाव, आपका वोट बनाएगा प्रधानमंत्री

कांग्रेस द्वारा बाहरी प्रत्याशी बताए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह चुनाव राष्ट्रीय चुनाव है। आपके वोट से देश का प्रधानमंत्री बनता है, राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते हैं और वहां से हारने के बाद वायनाड चले जाते हैं। सोनियां गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं तो भूपेश बघेल राजनांदगांव से। कई कांग्रेसी नेता दूसरे क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं तो क्या वह सब बाहरी हैं? पालक सांसद के नाते क्षेत्र का क्या विकास किया गया के सवाल पर उन्होंने कहा कि पालक सांसद का क्या काम होता है पहले यह जानना चाहिए। मैंने क्षेत्र में दौरा किया है और कांग्रेस सांसद से चार गुना अधिक दौरा किया है। मैं कांग्रेस से यह सवाल पूछना चाहती हूं कि यहां केवल एक परिवार ही राजनीति में क्यों है? पहले बिसाहू दास महंत, फिर चरण दास महंत, फिर ज्योत्सना महंत क्या कांग्रेस में कोई दूसरा नेता नहीं है। कांग्रेस ने आदिवासी समाज का अपमान किया है। जिले के एक मेडिकल कॉलेज का नाम भी बिसाहू दास महंत के नाम पर क्यों रखा गया, जबकि क्षेत्र के पूर्व आदिवासी नेता व अखंड मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री प्यारेलाल कंवर ने मेडिकल कॉलेज का सपना देखा तो मेडिकल कॉलेज उनके नाम से क्यों नहीं रखा गया, यह आदिवासियों का अपना है।

## अमूमन 1 से 2 मई को दोनों वनमंडल में शुरू होता था तेंदूपत्ता संग्रहण

# तेंदूपत्ता संग्रहण का काम पिछड़ा, मतदान के बाद पकड़ेगा संग्रहण में जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौसम के बार-बार बदलते तेवर की वजह से इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण का काम लगभग पिछड़ने लगा है। अमूमन मई माह के पहले दिन से ही तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो जाता था लेकिन इस साल अभी तक तेंदुपत्ता संग्रहण का काम शुरू नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि अब 7 मई मतदान के बाद ही जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम जोर पकड़ेगा। हालांकि इसके लिए वन विभाग ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है।

**खास बात**

- लगातार बदलते मौसम की वजह से भी प्रभावित हुआ है तेंदूपत्ता संग्रहण

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में 1 या 2 मई को तेंदुपत्ता संग्रहण का काम शुरू हो जाता है लेकिन इस बार बार-बार मौसम के बदलते तेवर की वजह से 2 मई की स्थिति में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम कोरबा व कटघोरा वनमंडल में शुरू नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि 5 या 6 मई तक दोनों वनमंडल के कुछ समितियों में संग्रहण का काम शुरू किया जा सकता है अन्यथा कटघोरा वनमंडल में 25 समितियों में 3 मई से संग्रहण शुरु करने की बात कही जा रही है बाकि शेष सभी समितियों में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम 5 से 8 मई के बीच जोर पकड़ेगा और लगभग 15 दिनों तक आदिवासी परिवार द्वारा अब सुबह जंगलों में पहुंचकर तेंदुपत्ता संग्रहण का काम किया जाएगा। बताया जाता है कि इस बार कोरबा वनमंडल को 52200 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है जबकि इसी तरह कटघोरा वन मंडल को 76300 मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है। वन विभाग के मुताबिक जंगल में इस बार तेंदूपत्ते की क्वालिटी पर भी फर्क पड़ा है लेकिन संग्रहण लक्ष्य को हासिल करने के लिए वन विभाग व आदिवासी परिवार पूरा ऐड़ी चोटी का जोर लगाएंगे।



फाइल फोटो

### हाथी प्रभावित क्षेत्रों में होगी परेशानी

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का झुंड लंबे समय से विचरण कर रहा है। खासतौर पर कटघोरा वनमंडल के केंदई और एतमानगर रेंज में सबसे अधिक 49 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। इस क्षेत्र में हाथियों का झुण्ड लगातार उत्पाद मचा रहा है और ऐसे में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रभावित भी हो सकता है। हालांकि विभाग इसके लिए लगातार अलर्ट भी जारी कर रहा है और लोगों को समझाइश भी दे रहा है कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने से पहले वन विभाग द्वारा जारी किए गए अलर्ट को ध्यान दें। यदि इस क्षेत्र में हाथियों का झुंड रहेगा उस क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य बंद कराया जाएगा। इसी तरह कोरबा वनमंडल में कुदमुरा रेंज में भी कुछ यही हाल है। हालांकि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसी प्रकार के जन धन की हानि ना हो इस दिशा पर भरपूर प्रयास रहेगा।

### मतदान के दिन सभी फड़ पूरी तरह से रहेंगे बंद

7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया होगी जिसके मद्देनजर सभी फड़ों को बंद रखा जाएगा। इस दिन तेंदूपत्ता संग्रहण बिल्कुल भी नहीं होगा। इसके लिए सभी समितियां को पहले ही निर्देश जारी कर दिया गया है। कोरबा वनमंडल में 5 मई को कुछ समितियां में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम शुरू होगा। इसके उपरांत 8 मई से ही तेंदूपत्ता संग्रहण के काम में तेजी आएगी।

**-एस एस कंवर,** एसडीओ वनमंडल कोरबा

# जहर खाने से युवक अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में जहर सेवन करने से एक युवक व अधेड़ की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- कोतवाली और लेमरू थाना क्षेत्र का मामला
- दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच में जुटी है पुलिस

पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के राताखार बस्ती की है। यहां निवासरत गोपी यादव 25 वर्ष पिता स्वर्गीय केदार यादव ने बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जब उसकी तबियत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर सेवन कर लिया है। जिसके बाद गोपी यादव को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां उपचार के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। गोपी यादव ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक गोपी यादव ड्राइवरी का काम करता था। फिलहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। बताया जाता है कि गोपी की शादी नहीं हुई थी लेकिन इस बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस द्वारा परिजनों का बयान कलमबद्ध करेगी जिसके बाद ही मामले में कुछ खुलासा हो पायएगा कि युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

दूसरी घटना लेमरु थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ उपरोड़ा की है। यहां निवास करने वाले राजेंद्र राठिया 45 वर्ष पिता गाड़ा रतिया शराब सेवन कर घर पहुंचा था और शराब के नशे में धुत्त होकर उसने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था और उपचार के दौरान राजेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र राठिया अपने गांव में खेती किसानी का काम करता था और किन कारणों के चलते उसने जहर सेवन किया है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। मतदाता सूचना पर्ची को पहचान पत्र के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

# नाबालिग को भगाने वाले युवक को सुनाई गई 5 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेड़ापाली निवासी शिवम दास महंत 19 वर्ष पिता उत्तम दास महंत ने उरगा क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिक किशोरी को झांसे में ले लिया था और उसे अपने घर से बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था पीड़िता को आरोपी के ग्राम से बरामद किया गया था। जहां आरोपी शिवम के खिलाफ पुलिस ने धारा 363, 366 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले को न्यायालय में पेश किया गया था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी श्रीमती ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में विचाराधीन था। कोर्ट में अभियोजन द्वारा प्रकरण के तथ्य एवं साक्ष्य के आधार पर मामला प्रमाणित किया गया। माननीय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी श्रीमती ज्योति अग्रवाल द्वारा आरोपी को धारा 363 के तहत दोषी पाते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास व 1000 रुपए अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया है। शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक रामकुमार मौर्य ने पैरवी की है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र का मामला

## जेबीसीसीआई-11 सब कमेटी ने की सिफारिश

# कोल इंडिया में 45 साल की उम्र तक ही अनुकंपा पर नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया में 45 साल की उम्र तक ही अनुकंपा पर नौकरी देने की अनुशंसा की गई है। जेबीसीसीआई-11 सब कमेटी की बैठक में तर्क दिया गया कि किसी भी कर्मी की मौत की स्थिति में पूर्व में जेंडर आधारित उम्र सीमा में छूट का प्रावधान था, इसे खत्म कर दिया गया है।

कोल इंडिया में अनुकंपा पर नौकरी के मामले को लेकर गठित सब कमेटी की बैठक में तय किया गया कि 45 साल की उम्र तक ही अनुकंपा पर नौकरी दी जानी चाहिए। पहले महिला आश्रित के लिए 45 तथा पुरुष के लिए नौकरी पाने की कोई तय उम्र सीमा नहीं थी। अन्य आश्रित को 35 साल की उम्र तक ही नौकरी मिल सकती थी। बैठक में तर्क दिया गया कि किसी भी कर्मी की मौत की स्थिति में पूर्व में जेंडर आधारित उम्र सीमा में छूट का प्रावधान था। इसे खत्म कर दिया गया है। बैठक में पहले अनुकंपा पर नौकरी के लिए कोई न्यूनतम सीमा निर्धारित नहीं थी। अब इसे 18 साल करने की अनुशंसा कमेटी ने की है। कर्मी की मृत्यु के समय अगर आश्रित की उम्र सीमा 18 साल है, तो उसे नौकरी दी जायेगी। 18 से कम या 12 साल से अधिक होने पर आश्रित का नाम लाइव रोस्टर में रखा जायेगा। कर्मी के आश्रित की उम्र सीमा 18 साल होने पर अनुकंपा पर नौकरी दी जायेगी।

### ट्रांसजेंडर होने पर भी मिलेगी नौकरी

बैठक में तय किया गया कि अगर नौकरी करने वाले का आश्रित ट्रांसजेंडर हो तो उसे भी नौकरी दी जायेगी। इसके अतिरिक्त पुत्र, पुत्री या कानूनी रूप से गोद लिये गये पुत्र या पुत्री को भी नौकरी दी जायेगी। बैठक में अनुशंसा की गयी कि अगर नौकरी करने वाला का कोई सीधा आश्रित नहीं हो तो उनके साथ रहने वाले भाई, बहन, विधवा बेटी, दामाद को नौकरी दी जा सकती है। बैठक में आश्रित नौकरी नहीं लेंगे, तो मासिक राशि का भुगतान किया जायेगा। आश्रित के 45 साल से अधिक होने पर उन्हें आर्थिक मदद दी जायेगी।


# चाकू अड़ाकर आटो चालक से लूटपाट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन कालोनी के पीछे निवास करने वाले अनिल कुमार यादव उम्र 33 वर्ष पिता राम मिलन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अनिल यादव रेलवे स्टेशन कोरबा से आटो क्र. सीजी 10 7484 का संचालन करता है। 1 मई की रात हसदेव एक्सप्रेस की यात्री को दर्री राजीव नगर छोडकर वापस कोरबा आ रहा था लगभग 12.30 बजे शनि मंदिर के पहले राम मंदिर के पास दो युवक आटो को रूकवाये और रेल्वे स्टेशन जाना है कहकर अनिल कुमार के आटो में सवार हो गए। जैसे ही आटो शनि मंदिर चडाउ के पास पहुंचा उसमें से एक सवारी अनिल के गले में चाकू गडाकर अनिल के साथ गाली गलौच करते हुए पैसे की मांग करने लगा और दूसरा सवारी अनिल के पाकिट में रखे एक हजार रूपये लूटकर भाग गये लेकिन वे यह कहते रहे कि वे लोग अजय घसिया के मुंहबोला भाई हैं और बजरंग बैड वाले के यहां बाजा बजाता हें। अनिल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

2 korba-Bihoomi pg2_Layout 1 5/2/2024 11:14 PM Page 1





# तीस हजारी कोर्ट में होगी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग

**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इसी बीच नई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी अगले महीने से शेड्यूल का दूसरा चरण दिल्ली में शुरू करेंगे। 'राष्ट्रीय राजधानी में शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चलेगी और यह शहर के विभिन्न हिस्सों को कवर करेगी। आउटडोर और इनडोर दोनों शूटिंग ज्यादातर तीस हजारी कोर्ट क्षेत्र के पास निर्धारित हैं। कलाकार मुख्य रूप से कोर्टरूम ड्रामा दृश्यों की शूटिंग के लिए दिल्ली आ रहे हैं। 'जॉली एलएलबी 3' को विभिन्न राज्यों में शूट किया जाना है।

लाइफ Style

# इलियाना

## 'बर्फी' में काम करना पड़ा महंगा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

हाल ही फिल्म 'दो और दो प्यार' में नजर आईं इलियाना डिक्रूज ने अपने करियर में कई यादगार फिल्में कीं, जिनमें अक्षय कुमार की 'रुस्तम' और रणबीर कपूर की 'बर्फी' शामिल हैं। इन दोनों ही फिल्मों में इलियाना की परफॉर्मेंस पसंद की गई थी।

बॉलीवुड में काम करने के चक्कर में इलियाना डिक्रूज को साउथ की फिल्मों में काम मिलना मुश्किल हो गया। इलियाना ने हाल ही एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की। इलियाना का इस बात को लेकर दर्द छलका कि न तो बॉलीवुड में उनका काम नोटिस किया गया और ना ही साउथ में खास मौके ही मिले। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 'बर्फी' में काम किया, तो लोगों ने मान लिया कि अब वह साउथ की फिल्मों में काम नहीं करना चाहतीं। इस धारणा की वजह से उन्हें साउथ सिनेमा से फिल्मों के ऑफर मिलना बंद हो गए। इलियाना ने कहा, मैंने साउथ से बॉलीवुड में कोई शिफ्ट नहीं किया था। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी क्योंकि मुझे 'बर्फी' की कहानी पसंद आई थी। यह एक अलग तरह की फिल्म थी। मैंने सोचा कि मुझे ऐसी फिल्म करने का दोबारा मौका नहीं मिलेगा। अगर मैंने इसे ठुकराया तो यह मेरी बेवकूफी होगी। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी। ऐसा कुछ नहीं था कि मैं अपना बेस बॉलीवुड में शिफ्ट कर रही हूं, और फिर कभी साउथ की फिल्में नहीं करूंगी। लेकिन मुझे लगता है कि जब मैंने 'बर्फी' साइन की, तो लोगों ने यह अजीब धारणा बना ली कि ये तो अब बॉलीवुड जा रही है।



हॉलीवुड मसाला



# 'द सोशल...' का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** अमेरिकी लेखक, निर्माता और निर्देशक एरोन सॉर्किन ने 'द टाउन' पॉडकास्ट की लाइव रिकॉर्डिंग के दौरान पुष्टि की कि वह वर्तमान में 'द सोशल नेटवर्क' के किसी सीक्वल पर काम कर रहे हैं। बता दें कि फेसबुक के बनने की कहानी के बारे में फिल्म की पटकथा के लिए इन्होंने ऑस्कर जीता था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब वह फेसबुक से ही जुड़े किसी परियोजना पर काम कर रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान सॉर्किन ने सोशल मीडिया कंपनी के हाल के वर्षों के बारे में कहा, 'देखो, मैं इसके बारे में लिखूंगा।' मैं 6 जनवरी के लिए फेसबुक को दोषी मानता हूं।



# इंस्टाग्राम की सबसे बदनाम ठग पर बनी डॉक्यूमेंट्री...

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक ठग आपको मिल जाएंगे। खुद को मशहूर बनाने के लिए और फॉलोअर्स जुटाने के लिए लोग किस हद तक गिर सकते हैं। इस बात को ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर बेले गिब्सन ने साबित किया है। वही बेले गिब्सन जिन्हें कभी कॉस्मोपॉलिटन ने सबसे निडर और दिलचस्प महिला का खिताब दिया था। अब उनकी जिंदगी पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है। बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है, जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था। इतना ही नहीं उन्होंने अपने फॉलोअर्स से यह भी साझा किया था कि वे एक सिंगल-मां हैं। दुनिया ने उनकी बात को सच मान लिया था। रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए थे।



# 'बाहुबली' का हिस्सा बनने वाली थीं

**नई दिल्ली।** पिछले साल आई मूवी खुफिया की चारु रवि मोहन आपको याद ही होंगी। इस किरदार में वामिका गब्बी ने ऐसा जबरदस्त काम किया था कि बहुत बार वो तब्बू जैसी मंझी हुई एक्ट्रेस पर भारी पड़ गई थीं। वामिका गब्बी जितने शानदार कैरेक्टर कर चुकी हैं, उतनी ही ज्यादा वो अपने बयानों के लिए भी जानी जाती हैं। एक बार वो भी नेपोटिज्म पर सवाल उठाते हुए बता चुकी हैं कि एक बड़े स्टार की बेटी के चक्कर एक मूवी से उन्हें निकाल दिया गया था। अब उनका एक और इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें वो बता रही हैं कि वो बाहुबली का हिस्सा बनने वाली थीं, लेकिन ये हो नहीं सका। वामिका गब्बी के इंटरव्यू की एक क्लिपिंग के मुताबिक वामिका गब्बी को बाहुबली में रोल ऑफर हुआ था।



# सोनू को कहा जाता है गरीबों का मसीहा

**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद को 'गरीबों का मसीहा' कहा जाता है। वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमाम लोग उनसे मदद की गुहार लगाते हैं। इसके अलावा उनके निजी मोबाइल नंबर और वाट्सएप के जरिए भी लोग मदद मांगते दिखते हैं। बीते दिनों सोनू सूद का वाट्सएप ब्लॉक हो गया। इससे उन लोगों को काफी परेशानी हुई, जिन्हें अभिनेता से मदद की दरकार थी। हालांकि, सोनू का नंबर ब्लॉक होने के बाद मदद लेने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए। किसी गरीब का उपचार कराना हो या किसी को अन्य आर्थिक मदद की जरूरत हो, सोनू सूद के पास बात पहुंचने पर वे तत्काल तैयार रहते हैं। हाल ही में उनका व्हाट्सएप बंद कर दिया गया था। करीब 61 घंटों के बाद उनके अकाउंट को दोबारा शुरू कर दिया गया।

टीवी मसाला

# पुरानी यादों में खोई दिखीं मौनी

**मुंबई।** टेलीविजन की दुनिया में मौनी रॉय अपनी खूबसूरती के साथ-साथ बेहतरीन अदाकारी के लिए भी मशहूर हैं। मौनी रॉय महज 19 साल की थीं जब उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में अपना कदम रखा था।




अभिनेत्री ने एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से टेलीविजन में डेब्यू किया था। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान मौनी पुरानी यादों में खोई दिखीं। मौनी रॉय पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्टिंग में अपना करियर बनाऊंगी। उन दिनों गर्मी की छुट्टियां चल रही थी। मैं अपने कॉलेज के बाहर टहल रही थीं, तभी किसी ने मेरे कंधे को थपथपाया और मुझ से पूछा कि क्या मैं एक सीरियल के लिए ऑडिशन देना चाहूंगी'। 'मैंने यूं ही हां कर दिया और ऑडिशन देने के लिए तैयार हो गई। मैंने सोचा था छुट्टियों में यह काम करके देखती हूं, कैसा लगता है'। मौनी रॉय ने तब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के लिए ऑडिशन दिया था और वे शो में अगली पीढ़ी के बच्चों के रूप में शामिल हो गईं। इसके बाद मौनी रॉय ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वे टीवी इंडस्ट्री की बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं।

## 'कृष्णा मोहिनी' में देबात्मा निभा रहीं खास रोल

**नई दिल्ली।** शो 'शौर्य और अनोखी की कहानी' में अनोखी भल्ला के किरदार से लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस देबात्मा शाह अब कलर्स टीवी के शो 'कृष्णा मोहिनी' में कृष्णा के रोल में नजर आएंगी। उन्होंने कहा, 'शो एक मजबूत कहानी लेकर आया है जिसकी कई परतें हैं।' फहमान खान और देबात्मा शाह 'कृष्णा मोहिनी में एक साथ नजर आएंगे। इसका प्रीमियर सोमवार 29 अप्रैल को हुआ। शो के ट्रेलर ने अपनी मजबूत कहानी से दर्शकों को आकर्षित किया है। देबात्मा शाह ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, 'शो में 'कृष्णा' मोहन की 'सारथी' है। वह एक जिम्मेदार लड़की है और बहुत मासूम भी है। वह समझदार और मेहनती है। उसका जीवन अपने भाई की देखभाल के इर्द-गिर्द घूमता है, लेकिन उसके भाई के बारे में एक बड़ा रहस्य है, जिसके बारे में वह नहीं जानती।'



# किसानों से चंदा लेकर बनी थी फिल्म 'मंथन'



**नई दिल्ली।** आजकल के दौर में एक फिल्म बनाने में मेकर्स कई सौ करोड़ का खर्चा कर दे रहे हैं। वहीं एक समय था जब एक फिल्म बनाने के लिए मेकर्स ने लोगों से चंदा लिया था। इस फिल्म को चंदा लेकर कुछ लाख रुपए में बनाई गई, लेकिन फिल्म सुपरहिट रही और खूब कमाई की। यहां बात हो रही है 1976 में रिलीज हुई फिल्म मंथन की। खबरों के अनुसार मई में आयोजित होने जा रहे 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में श्याम बेनेगल की फिल्म मंथन को दिखाया जाएगा। 'मंथन' एकमात्र इंडियन फिल्म है, जिसे इस साल फेस्टिवल के कान्स क्लासिक सेक्शन के तहत सेलेक्ट किया गया है।

## मिले दो नेशनल अवार्ड

श्वेत क्रांति यानी दुग्ध क्रांति पर आधारित इस फिल्म को बनाने के लिए 5 लाख किसानों ने चंदा दिया था। खबरों के अनुसार, 5 लाख किसानों ने 2-2 रुपए चंदे के तौर पर दिया और इस चंदे की राशि से फिल्म बनी. फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसे एक नहीं बल्कि 2-2 नेशनल अवॉर्ड मिले हैं।इस फिल्म ने 1977 में हिंदी में बेस्ट फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और बेस्ट स्क्रिप्टिंग के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था।

# कंतारा-2 उड़ा देगी होश
## जंगल में तैयार किया सेट

*नई दिल्ली। होम्बले फिल्म्स बिना किसी शक इंडियन सिनेमा में सबसे बड़ा प्रोडक्शन हाउस है। इस लीडिंग प्रोडक्शन हाउस ने अपने बैनर तले केजीएफ चैप्टर 2, कंतारा- ए लीजेंड और प्रभास-प्रशांत नील की 'सलार पार्ट 1: सीजफायर' जैसे ब्लॉकबस्टर के साथ इंडियन सिनेमा को बढ़ावा दिया है। उनका अगला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट, 'कंतारा- चैप्टर 1' है, जिसका फैंस और दर्शकों को बड़ी उम्मीदों के साथ बेसब्री से इंतजार है। फिल्म से जुड़े हर नए अपडेट के साथ जनता में उत्साह बढ़ रहा है। हाल ही में आए नए अपडेट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। इसमें 20 दिन का शेड्यूल है। इस शेड्यूल में टीम जरूरी हिस्सों को जंगलों में शूट करेगी और यह खूबसूरत कुंडपुरा के कोस्टल रीजन में शूट होगा जो फिल्म की कहानी से मैच करेगा। 200 गुणा 200 फीट का एक विशाल सेट बनाया गया है और कुंडापुरा के निर्माण के लिए मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद से 600 बढ़ई और स्टंट मास्टर्स को काम पर रखा गया है।*



*मुंबई। इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' दर्शकों को खूब पसंद आई है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह अमर सिंह चमकीला पर आधारित एक बायोपिक फिल्म थी। अब इम्तियाज ने खुलासा किया कि वह एक प्रेम कहानी बनाना चहते हैं। यह प्रेम कहानी राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि राधा-कृष्णा की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की बात को इम्तियाज 2018 में ही कह चुके हैं।*

# 'राधा-कृष्ण' की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाएंगे इम्तियाज अली

एक इंटरव्यू के दौरान इम्तियाज ने कहा, 'मैं राधा-कृष्ण पर फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं उनकी कहानियों और पौराणिक कथाओं से बहुत प्रभावित हूं। लेकिन इसके लिए पहले मैं खुद को उस पद पर लाना चाहता हूं, ताकि मैं एक बेहतरीन फिल्म



बना सकूं। मुझे जरूरत है ऐसे दो किरदारों की जो राधा और कृष्णा के चरित्र को निभा सकें।' इम्तिजा ने आगे कहा, 'वह चाहते है कि यह फिल्म बनें और लोग इसके लिए दुआ करें, जो लोग इस फिल्म को देखना चाहते हैं। हो सकता है कि मैं उनकी दुआओं की वजह से ही यह फिल्म बना सकूं।' इम्तियाज की राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म में कौन अभिनय करेगा यह अभी तय नहीं हुआ है। फिलहाल, अभी स्क्रिप्ट पर ही काम चल रहा है।

***2018 में की थी फिल्म बनाने की घोषणा :*** दरअसल, इम्तियाज अली ने 2018 में जन्माष्टमी के मौके पर राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की घोषणा इंस्टाग्राम पर की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं हमेशा से ही राधा-कृष्णा की पौराणिक प्रेम कथा से प्रभावित रहा हूं। सभी भारतीयों के लिए ऐसी कोई और दूसरी कहानी नहीं होगी, जो कि उनके दिलों के करीब हो। मेरा सपना है कि मैं राधा-कृष्णा की दुनिया में पहुंच सकूं।' आगे इम्तियाज ने लिखा, ''इस प्रेम कहानी को रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनाया जाएगा।

# लौट आया है बाहुबली
## राजामौली ने दिखाई पहली झलक



**मुंबई।** लौट आया है वो सबको अपने खून से रंगने। दिलों को दहलाने वाला और दिलों पर राज करने वाला बाहुबली। निर्देशक एस.एस राजामौली की फिल्म बाहुबली दर्शकों के दिलों पर इस कदर बस गई है कि वह आज भी इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट 'बाहुबलीः द बिगनिंग' साल 2015 में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को इतनी पसंद आई की कई महीनों तक सिनेमाघरों में देखी गई। इसके बाद इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'बाहुबली 2 द कॉन्क्लूजन' साल 2017 में आई और इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। अब निर्देशक राजामौली फिल्म बाहुबली की एनिमेटेड सीरीज लेकर आ रहे हैं।

***बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड :*** *निर्देशक एस एस राजामौली ने अपने सोशल मीडिया उकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर इस सीरीज की घोषणा दी है। इस सीरीज का नाम है 'बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड'। यह एक एनिमेटेज सीरीज है। इस फिल्म की क्या कहानी होगी और इसके कलाकार कौन होंगे, अभी इस बात से पर्दा नहीं उठाया गया है। इसमें कौन से कलाकारों की आवाज और लुक को दिखाया जाएगा ये कहना मुश्किल होगा, लेकिन 'बाहुबलीः क्राउन ऑफ ब्लड' की अनाउंसमेंट के बाद फैन्स काफी उत्साहित हैं और इसकी कहानी जानने के लिए भी बेताब हैं।*

2 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 5/2/2024 11:45 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने पर दो शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत डाकमत पत्र ड्यूटी में अनुपस्थित रहने वाले दो शिक्षकों को निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है कि जिले में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के डाक मतपत्र के माध्यम से 29 एवं 30 अप्रैल को घर जाकर मतदान कराने हेतु मतदान दलों का गठन किया गया था। जिसमें माध्यमिक शाला परसवार कला के शिक्षक अनिरुद्ध प्रसाद गुप्ता की ड्यूटी मतदान अधिकारी क्रमांक 2 के रूप में लगाई गई थी। श्री गुप्ता 29 अप्रैल को दल रवानगी के पश्चात उपस्थित हुए। इसी प्रकार माध्यमिक शाला मनोहरपुर के शिक्षक मुकेश कुमार भगत को मतदान अधिकारी 2 के रूप में नियुक्त किया गया था। श्री भगत 23 अप्रैल को आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए। शिक्षक अनिरूद्ध कुमार गुप्ता व मुकेश कुमार भगत का यह कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं हठधर्मिता का परिचायक है तथा उनके द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 गग, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-134-(1),(1क) (2) (3) के तहत बने नियमो एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियम-3 एवं 7 का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के द्वारा उनके उक्त कृत्य के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 के उप नियम (1) क के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### जंगल में महुआ बिनने गए युवकों पर भालू ने किया हमला, दो घायल

**राजपुर।** जंगल में महुआ चुनने और पत्ता तोड़ने गए युवकों पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की। बताया जा रहा है कि ग्राम सेवारी निवासी 27 वर्षीय सोभन आ. स्व. ढेला राम व 26 वर्षीय दीपक आ. परना आज सुबह महुआ बिनने और पत्ता तोड़ने के लिए सेवारी जंगल गए हुए थे। इस दौरान कक्ष क्रमांक पी 2813 में भालू ने युवकों पर हमला कर दिया। इस दौरान अन्य ग्रामीणों ने शोर मचाकर भालू को भगाया और घायलों को उपचार के लिए ग्राम सेवारी सरपंच अरविन्द कुमार के निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां दोनों का उपचार जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम भी अस्पताल पहुंची थी जहां घायलों को एक-एक हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई।

### वाहन ने बाइक सवार दम्पति को मारी टक्कर, महिला की मौत

**अंबिकापुर।** गुरुवार को एनएच 130 पर बाइक व टाटा एस वाहन के बीच हुई भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई जबकि युवक व ढाई साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए उदयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना अंतर्गत मोहनपुर निवासी 25 वर्षीय विष्णु पैकरा पत्नी 24 वर्षीय नरेश्वरी पैकरा व ढाई साल की बच्ची वैष्णवी के साथ मोहनपुर से ग्राम खरसुरा जाने के लिए निकला था। इस दौरान दोपहर में उदयपुर जनपद एनएच 130 पर टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 2043 ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। भिड़ंत में बाइक सवार दम्पति व बच्ची जमीन पर गिर गए। इस घटना में गंभीर रूप से घायल दम्पति व बच्ची को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इस घटना में मृतिका के पति विष्णु पैकरा व बच्ची वैष्णवी को भी गंभीर चोट आई है। प्रारंभिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इधर घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर ने बताया कि महिला की उपचार के दौरान मौत हुई है जबकि घायलों को रिफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर लिया गया है और जांच जारी है।

### एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर मधुमक्खियों का हमला

**अम्बिकापुर।** जंगल में चार तोड़ने गए एक ही परिवार के पांच लोगों पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला कर दिया। इस घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घायल बुजुर्ग को को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों ने जांच उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया इसके साथ ही घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना के कुन्नी अंतर्गत ग्राम सकरिया निवासी 65 वर्षीय पीला राम पैकरा आ. स्व. सियाम्बर पैकरा 1 मई की सुबह 7 बजे पत्नी फूलमती, पुत्री रेशमा, पुत्र अमोल, रिस्तेदार भगली के साथ पोखरी पानी स्थित खेत में चार तोड़ने के लिए जंगल के रास्ते जा रहा था। इस दौरान खेत से कुछ दूरी पर जंगल में मधुमक्खियों का झुण्ड उड़ रहा था। अचानक ही मधुमक्खियों ने बुजुर्ग समेत पांचों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले के बाद परिवार के सदस्य अपनी जान बचाकर भागने लगे लेकिन इस दौरान वृद्ध पीला राम पैकरा भागने में असफल रहा और जमीन पर गिर गया। जब परिवार के बाकी सदस्य मौके पर पहुंचे तो बुजुर्ग पीला राम जमीन पर अचेत पड़ा हुआ था।

## पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों का किया गया आयोजन

# शत प्रतिशत मतदान कर नए कीर्तिमान स्थापित करें : वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव में आमजनों की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीप के तहत बाईक रैली, मानव श्रृंखला, दीवार लेखन, नारा लेखन, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, पेंटिंग, भाषण, मेहंदी, रंगोली जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को मतदान में सक्रियता से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में पोड़ी उपरोड़ा के मांचाडोली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व स्वीप नोडल संबित मिश्रा, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा रोहित कुमार, जनपद सीईओ खगेश कुमार निर्मलकर सहित विभिन्न विभागों के खण्ड व पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मांचाडोली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी अपनी भूमिका निभाइए। उन्होंने कहा कि वोट करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, इस हेतु संविधान द्वारा प्रदत्त अपने मौलिक अधिकार को कर्तव्य की भांति निर्वहन करें एवं शत प्रतिशत मतदान कर नए कीर्तिमान की स्थापना करें। कलेक्टर ने आमजनों को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि आपका वोट बहुमूल्य है, इस हेतु आप सभी धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा किसी प्रकार के भय या प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करें। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक 5 साल में एक बार वोट कर बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर अवसर मिलता है। आप सभी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार का चयन कर सकते है।

**खास बात**

- महिला श्रमिकों को श्रीफल एवं नवमतदाताओं को उपहार भेंट कर किया गया सम्मानित



मतदान करने की शपथ लेते हुए श्रमिक।

### कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन अन्तर्गत जिले में समय पर और शांतिपूर्ण मतदान कराने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतदान दिवस के दिन आवश्यक तैयारी के संबंध में बैठक लेते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने एसडीएम तथा जनपद सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दिवस के पूर्व मतदान केन्द्रों की सफाई कराने, बिजली एवं फर्नीचर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसी भी मतदान केन्द्र में ईवीएम संबंधित खराबी की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित सेक्टर अधिकारी तत्काल ईवीएम को बदलें। जिन मतदान केन्द्रों में अधिक मतदाता हैं, वहां समय पर मतदान कराने हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये। वर्तमान में गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि परिसर में शीतल पेयजल एवं मतदान केन्द्रों के अलावा परिसर में स्कूल एवं आंगनबाड़ी के रिक्त भवनों को खोलकर रखा जाये एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से कुर्सियों की व्यवस्था भी रखी जाये।

### कटघोरा में मतदाता जागरूकता प्रचार रथ को किया गया रवाना

जनपद पंचायत पाली के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा ग्राम पंचायत डोंगानाला में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय की बस्ती में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बिरहोर समुदाय के व्यक्तियों सहित ग्रामीणों को मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पोंड़ी में भूपेन्द्र सोनवानी सीईओ जनपद पंचायत पाली ने 20 ग्राम पंचायत के एनआरएलएम कैडर की मतदाता जागरूकता के संबंध में बैठक ली, जिसमे शत प्रतिशत मतदान के संबन्ध में बताया गया तथा ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। जनपद पंचायत कटघोरा के अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत मतदाता जागरूकता प्रचार रथ को रवाना किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा अनिवार्य मतदान की शपथ लेकर मतदान जागरूकता रैली निकाली गई तथा नागरिकों को लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत मोहनपुर में ग्रामीण महिला-पुरूषों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर सभी के द्वारा मतदान करने का संदेश दिया।

## मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली ने जीती सीरीज


विजयी टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मायुमं इलेवन एवं शिव सेना फाउंडेशन के बीच चल रहे 5 मैचों की सीरीज का फाइनल मैच नेताजी सुभाषचंद बोस स्टेडियम एनटीपीसी में खेला गया। जिसमें दोनों टीम के सभी खिलाड़ियों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। समापन अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल द्वारा दोनों ही टीमों के कप्तानों की एवं सभी खिलाड़ियों की खेल भावना की तारीफ़ की एवं आगे भी इस प्रकार के स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के आयोजन होने की बात कही। विगत दिनों से चल रही सीरीज के मैचों में दोनों ही टीम 2-2 की बराबरी में रही। फाइनल मैच के दौरान शिव सेवा फाउंडेशन ने टॉस जीत के मायुमं को पहले बल्लेबाज़ी करने का न्योता दिया जिसमें मायुमं ने निर्धारित 12 ओवरो के मैच में 125 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी में शिव सेवा फाउंडेशन 88 रन ही बना सकी। मायुमं ने 36 रनों से इस अंतिम मुक़ाबले में शिव सेना फाउंडेशन से जीत अर्जित की। सीए आशीष गोयल को उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी एवं गेंदबाज़ी के लिए से मैन ऑफ़ द सीरीज चुना गया। कप्तान एवं मायुमं दर्री जमनीपाली के अध्यक्ष पारस अग्रवाल ने जीत का श्रेय सभी खिलाड़ियों को दिया। मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल,प्रदेश संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल का स्वागत किया गया एवं हमेशा खेल को बढ़ावा देने के लिए उनका आभार प्रकट किया।कार्यक्रम का सफल संचालन शिव सेवा फाउंडेशन के संस्थापक बजरंग बहादुर ने किया। इस अवसर पर खेलकूद के प्रांतीय सहसंयोजक विकास अग्रवाल, शाखा कोषाध्यक्ष अरुण केडिया, सदस्यगण मधुर अग्रवाल, बिट्टू, सतीश अग्रवाल, आशीष गोयल, राहुल अग्रवाल, दीपक शर्मा एवं टीम के सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## भाजपा की घोषणाएं हवा-हवाई और झूठ का पुलिंदा से कम नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के बयानों पर पलटवार करते हुए सवालों में घेरा है। सांसद ने कहा कि सरोज पाण्डेय 25 लाख रुपए हर पंचायत में देने की बात कहती हैं लेकिन वे यह नहीं बता रही हैं कि इतना पैसा वे कहां से लाएंगी? सांसद ने कहा कि पंचायतों को विकास कार्यों के लिए वित्त आयोग, मूलभूत मद, डीएमएफ के साथ-साथ विभिन्न मदों से राशि मिलती है और इतनी राशि मिलने के बाद भी सरोज पाण्डेय जो पैसे देने की बात कह रही है वह सिर्फ और सिर्फ भ्रम फैलाने की बात है। मुझे बाहरी कहने वाले सोनिया गांधी, राहुल गांधी, देवेन्द्र यादव, शिव डहरिया पर बाहरी होने की बात कहकर अपमान कर रही हैं। चाम्पा-जांजगीर से अलग हुए कोरबा को ये बाहरी बता रही है जो सारागांव-सक्ती जांजगीर-चाम्पा जिलावासियों का अपमान है। वे झूठ पर झूठ का पुलिंदा बांधती जा रही है। कोरबा की पालक सांसद होने के नाते वे यह नहीं बताती कि उनका कर्तव्य कितना है? वे कहती हैं मेरा कोई क्षेत्र नहीं है। फिर कहती हैं कि अपने क्षेत्र में चार गुना ज्यादा दौरा किया। वे कहती है कि पालक सांसद जनता के लिए नहीं अपनी पार्टी के प्रति जिम्मेदार होता है। ग्राम कनकी को उन्होंने गोद लिया लेकिन कभी गई नहीं और 70 लाख के विकास कार्य कराने का झूठ पर झूठ परोस रही हैं। सरोज पाण्डेय सवाल उठातीं हैं कि मेडिकल कॉलेज बिसाहूदास महंत के नाम पर ही क्यों आदिवासी नेता के नाम पर क्यों नहीं? तो उन्हें इस बात का ज्ञान नहीं है कि बिसाहूदास महंत के नाम पर मेडिकल कॉलेज है और संबद्ध मेडिकल कॉलेज अस्पताल का नामकरण स्व. प्यारेलाल कंवर के नाम करने की घोषणा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पहले ही कर चुकी है।

## अनुशासन से आदतें बनती हैं, तैराकी की अच्छी आदतें चैंपियन बनाती हैं: डॉ.गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता ने कहा कि प्रतिस्पर्धा, व्यायाम या सुरक्षा के लिए तैरना सीखना चाहते हों, कई अलग-अलग तैराकी स्ट्रोक सीखना सबसे अच्छा है क्योंकि प्रत्येक अलग-अलग स्थितियों में अलग-अलग फायदे प्रदान करता है। प्रतिस्पर्धा के लिए, बहुमुखी प्रतिभा तैराकों को कई स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देगी। व्यायाम के लिए, अलग-अलग स्ट्रोक के लिए अलग-अलग मांसपेशियों का उपयोग किया जाता है, इसलिए सभी स्ट्रोक सीखना अधिक व्यापक कसरत प्रदान करता है। सुरक्षा के लिए, किसी विशेष स्थिति के खतरों के आधार पर विभिन्न स्ट्रोक का उपयोग किया जा सकता है। तैराकी आपकी हृदय गति को तेज़ रखता है लेकिन आपके शरीर से कुछ प्रभाव तनाव को हटा देता है। सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और हृदय संबंधी फिटनेस बनाता है। यह आपको स्वस्थ वजन, स्वस्थ हृदय और फेफड़ों को बनाए रखने में मदद करता है मांसपेशियों को टोन करता है और ताकत बनाता है। प्रतिदिन तैराकी करने से हम फिट बार तंदुरुस्त रहते हैं वह हमारे चेहरे में एक अलग चमक रहता है। तेरा की करने से हम शरीर और मन दोनों ही तरीकों से स्वस्थ होते हैं।

## राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता हेतु चयन ट्रायल 4 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वूशु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा राजनांदगांव में आयोजित 15वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन ट्रायल का आयोजन 4 मई को सुबह 8 से 11 बजे तक किया जाना है। जिला वूशु एसोसिएशन के सी ई ओ सियाराम बंजारे ने बताया कि उक्त सलेकशन ट्रायल में जिले के सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिका खिलाड़ी निःशुल्क भाग ले सकते है। खिलाड़ियों को सेफ्टी इक्यूपमेंट, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र अपने साथ लेकर प्रतियोगिता स्थल पर लाना होगा। चयन ट्रायल में पर्यवेक्षक के रूप में ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ मार्शल आर्ट प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा उपस्थित रहेंगे। राज स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित खिलाड़ियों को जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान एवं सचिव डी सुरेश क्रिस्टोफर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिले के खिलाड़ी चयन ट्रायल संबंधी किसी भी जानकारी के लिए सियाराम बंजारे , जुनैद आलम से संपर्क कर सकते हैं।

## 9 लोगों के शस्त्र लाइसेंस किए गए निरस्त, दो निलंबित

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन ने शस्त्र लाइसेंस जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। एसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी व कलेक्टर भोस्कर विलास द्वारा 9 लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस को निलंबित कर दिया है। एसपी विजय अग्रवाल के प्रतिवेदन के आधार पर बौरीपारा निवासी अब्दुल गफ्फार कुरैशी व सदर रोड निवासी विनोद कुमार साहू द्वारा शस्त्र जमा नहीं करने पर जिला दंडाधिकारी भोस्कर विलास ने दोनों के शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा करते हुए लाइसेंस को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करने पर 9 लोगों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था और नोटिस का जवाब संतोशजनक नहीं होने पर महामाया रोड निवासी अनिल कुमार पांडेय, ब्रह्मपारा निवासी श्रीमती पांडेय, नवापारा आजाद वार्ड निवासी कमल अग्रवाल, खलीबा निवासी अभिजीत सिंह, गांधी चौक निवासी अरविन्द कुजूर, महामाया रोड निवासी मंजीत सिंह, महामाया रोड निवासी अमरदीप सिंह बनारस रोड निवासी मथुरा प्रसाद के शस्त्र लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

## ऑप्टिक पैलेस में कोडेक लैंस एक पर एक फ्री

**बिजनेस साइट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कैमरे की विस्तृत श्रृंखला बनाने वाली विश्व की प्रसिद्ध कंपनी कोडेक चश्में के ग्लॉस बनाने में भी विश्व में एक बड़ा ब्रांड बन गई है। विश्व स्तरीय कंपनी के कोडेक कंपनी का एक ग्लॉस लेने पर एक ग्लॉस साथ में फ्री दिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा के शुभदा कॉम्प्लेक्स स्थित ऑप्टिक पैलेस के संचालक मोहम्मद नवाज मेमन ने आगे बताया कि यह योजना 15 मई तक के लिए ही है। उन्होंने कोडेक के उत्पादों विस्तृत श्रृंखला की जानकारी देते हुए कहा कि कोडक के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला में नो-ग्लेयर ग्लॉस, ब्लू कट ग्लॉस, प्रोगेसिव ग्लॉस, रीडिंग ग्लॉस, बाइफोकल ग्लॉस, सिंगल विजन ग्लॉस, सन ग्लॉस शामिल है। कोडेक का विजन आपके जीवन में रंग भरता है। जब आप इस ब्रांड को अपनाते हैं तो प्रतिदिन आपको कुछ नया सा अनुभव होगा और यही इस ब्रांड की सबसे बड़ी विशेषता है, जिसके कारण नेत्र विशेषज्ञ भी कोडेक को अपनाने का सुझाव देते हैं।




## तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग हो रहे हलाकान, पारा 43 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तेज धूप की वजह से भीषण गर्मी पड़ रही है। आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होगी। जिले में आ रहे नमी हवाओं का असर खत्म हो चुका है, इससे मौसम शुष्क रहेगा। इससे तेज धूप के साथ गर्म हवाएं चलने की संभावना है। जिलें में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार है। कई जगहों पर पारा 42 और 43 डिग्री तक पहुंच चुका है।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ाने की संभावना है। इसके बाद तापमान में कोई परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी हवाओं का असर प्रदेश में खत्म हो चुका है। इससे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। तेज धूप के साथ भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम का मिजाज कुछ दिनों तक ऐसे ही रहने की संभावना है। अभी मौसम में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। एक-दो जगह पर हल्की बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिले में सुबह से ही तेज धूप के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। यहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इन दिनों तेज धूप के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। साथ ही अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है।



### बैशाख मास में बेल का सेवन हितकारी:डॉ. शर्मा

**कोरबा।** मजदूर दिवस पर चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत निःशुल्क रक्त शर्करा जांच, आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में 1 मई को पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर में संपन्न हुआ। शिविर में रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करने के साथ साथ उन्हे मासानुसार आहार सेवन तथा पथ्य अपथ्य के विषय में विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। जिसे अपनाकर वे न केवल स्वस्थ रह सकेंगे अपितु रोगमुक्त भी हो सकेंगे। मासानुसार आहार सेवन के विषय मे बताते हुये डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया की अभी बैशाख मास चल रहा है जो अंग्रेजी मास के अनुसार अप्रैल-मई के मध्य मे आता है। इस मास में नये तेल व तली भुनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिये। वहीं इस मास मे बेल का सेवन हितकारी होता है। अतः हमे ऋतु के अनुसार आहार-विहार करना चाहिये। जिससे हम स्वस्थ रह सकें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा, टेमर लायन नेत्रनन्दन साहू, टेल ट्विस्टर कमल धारिया, पीआरओ लायन अश्विनी बुनकर, हर्ष नारायण शर्मा, कशिश यादव, पीहू यादव, चैतन्य यादव के अलावा पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर के संचालक सुरेंद्र यादव ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार में पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार 10 बिस्तरीय अस्पताल संचालित है। यहां 24 घंटे प्रसव तथा आपातकालीन सेवा उपलब्ध रहती है। अस्पताल में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक होता है। परंतु पानी की कमी के कारण यहां काफी समस्या हो रही है। अस्पताल से महज लगभग 50 मीटर दूरी पर कोयला खदान आ जाने से भूजल स्तर कम हो गया है जिसके कारण बोर सूख गए हैं। कई बार एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराए जाने के बाद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पानी की समस्या दूर नहीं हो सकी है। हैवी बालस्टिंग से दीवारों में दरारें पड़ गई है। प्रतिदिन दोपहर को होने वाले हैवी ब्लास्टिंग से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ठीक बगल में हाई स्कूल संचालित है। हैवी ब्लास्टिंग को लेकर कई बार ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर काम को बंद करा चुके हैं। गुरुवार को भिलाई बाजार के ग्रामीण गेवरा खदान में उतरकर ड्रिल मशीन व खुदाई कार्य रूकवा दिया था। ग्रामीणों के वहां से जाने के बाद पुनः हैवी ब्लास्टिंग किया गया। गेवरा प्रबंधन के रवैये से ग्रामीणों रोष व्याप्त है।

**कोरबा मार्केट**

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

2 korba-Bhoomi pg4_Layout 1 5/2/2024 11:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज में अवसाद से घिरे छात्रों की कराई जा रही है काउंसिलिंग

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज के मनोरोग शाखा में स्कूली छात्रों की भीड़ नजर आ रही है। यह भीड़ उन छात्रों की है, जिन्होंने हाल ही में बोर्ड की परिक्षाएं दी है और किसी कारणवश अवसाद से घिर गए हैं। ऐसे छात्रों का मेडिकल कॉलेज की मनोरोग विशेषज्ञ द्वारा काउंसिलिंग किया जा रहा है, ताकी उनके द्वारा कोई आत्मघाती कदम न उठाया जाए। हाल ही में कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा समाप्त हुई है। परीक्षा दिलाने वाले ऐसे कई छात्र हैं, जिनका पर्चा बिगड़ गया है और वे अवसाद से घिर गए है। ऐसे छात्र कोई आत्मघाती कदम न उठाए इसके लिए मेडिकल कॉलेज कोरबा के मनोरोग शाखा में इन दिनों में उनकी काउंसिलिंग कराई जा रही है। मनोरोग चिकित्सक द्वारा उन्हें बताया जा रहा है कि डिप्रेशन में जाने की कोई जरुरत नहीं है जैसे पर्चा गया है वैसा रिजल्ट आए। लिहाजा किसी भी तरह का टेंशन लेने की जरुरत नहीं है। जिस तरह से मनोरोग चिकित्सकों द्वारा छात्रों की काउंसिलिंग कराई जा रही है उसके सार्थक परिणाम भी सामने आए है। काउंसिलिंग के बाद ऐसे कई छात्र सामने आए हैं जो अवसाद से घिर गए थे, लेकिन अब वे काफी खुश है।

### एसईसीएल गेवरा खदान प्रबंधक द्वारा किया जा रहा मिट्टी उत्खनन कार्य



**कोरबा।** हरदीबाजार एसईसीएल गेवरा खदान प्रबंधक के द्वारा अपनी प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए आमगांव के दर्राखाचा तक मिट्टी खनन चालू कर दिया गया है, जबकि गेवरा खदान के प्रबंधक द्वारा एक वर्ष पूर्व दर्राखांचा मकान का नापी कर लिया गया है, जिसकी अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है और कोयला खनन के लिए करीबन 15 मीटर की दूरी पर ही अपनी प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए मिट्टी खनन चालू कर दिया गया है। हैवी ब्लास्टिंग एवं धूल डस्ट तथा खदान की गहराई के चलते नल जल पानी की निस्तारी बंद होना ऐसे अनेकों परेशानियों का सामना आसपास के ग्रामवासियों को झेलना पड़ रहा है। बावजूद एसईसीएल प्रबंधक के द्वारा ग्राम आमगांव की पुराना बसाहट नौकरी मौजा को लेकर एक महीना पूर्व त्रिपक्षी वार्ता के साथ बैठक एवं आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसके बावजूद इसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। इधर दर्राखांचा एरिया का मिट्टी खनन चालू कर दिया गया है ग्रामीण अक्रोशित हैं। एसईसीएल गेवरा प्रबंधक अपने प्रोडक्शन को लेकर दर्राखांचा का मिटटी खनन चालू कर दिया है, जबकि एक वर्ष पूर्व हो जाने के बाद भी मकान नापी का मुआवजा नहीं दिया है।

### एतमानगर व केंदई रेंज में हाथियों के विचरण से दहशत

**कोरबा।** हाथियों के विचरण करने से ग्रामीण भयभीत हैं। कटघोरा वनमंडल के एतमानगर व केंदई रेंज में हाथियों की दहशत कायम है। जहां एतमानगर में 36 हाथियों का दल विचरण कर रहा है वहीं 12 हाथी केंदई रेंज में हैं। वहीं वन विभाग इन हाथियों की निगरानी मैदानी अमले के अलावा ड्रोन कैमरे से कर रहा है।हाथियों की लगातार निगरानी के बाद भी उत्पात मचाए जाने की संभावना बनी हुई है, जिसे देखते हुए वन अमला सतर्क है। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों को खतरा भी बढ़ गया है। वन अमला गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों से हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल की ओर न जाने की सलाह दी जा रही है।

### गंदगी का लगा है अंबार बढ़ी परेशानी

**कोरबा।** छुरी नगर के वार्डों मे गंदा पानी निकासी के लिए पंचायत द्वारा बनाए गये नाली की नियमित सफाई नहीं हो रही है। जिससे नाली गंदगी से भरा पड़ा है। नाली में भरे कचरा के सडऩे से दुर्गंध उठ रही है। मच्छरों की संख्या बढऩे से आसपास रहने वालों की परेशानी बढ़ गई है। दुर्गंध के कारण घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। नगर के गली मोहल्ला में बहने वाले गंदा पानी निकासी के लिए नगर पंचायत स्तर पर सभी वार्डों मे पक्की नाली बनाई गई है। परंतु समय समय पर नाली की सफाई नहीं किये जाने से नाली मे गंदा पानी के साथ कूड़ा कचरा भर गया है। पानी निकासी रूक जाने से नाली बजबजा रही है। तेज दुर्गंध आने लगी है। मच्छर भी पनपने लगे हैं। वार्ड क्रमांक 5 कंजू घर के सामने बनाए गये नाली को महीनों से सफाई नहीं की गई। सफाई को लेकर सफाई कर्मी, वार्ड पार्षद और सफाई अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। आसपास के लोगों ने बताया उक्त नाली को तीन बार बनाया गया परन्तु नाली का निर्माण सही मापदंड के अनुसार नहीं बनाए जाने से नाली में पानी रूकने से गंदगी बढ़ रही है। नाली निर्माण के दौरान आसपास के लोगों ने नाली निर्माण की मापदंड को लेकर विरोध जताया था परंतु इंजीनियर द्वारा लोगों की बातों को अनसुना कर नाली बना दी गई जिसकी सजा आसपास लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नाली बना तो दी गई परंतु सफाई पर कोई ध्यान नहीं है।

## बालको थाना क्षेत्र के रिस्दा बस्ती में हुई चोरी की वारदात, पुलिस जुटी मामले की जांच में

# शादी समारोह में गया था परिवार, जेवरात सहित लाखों का माल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बालको संयंत्र में एक निजी कंपनी में काम करने वाले युवक अपने परिवार के शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। इस बीच सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने उसके छप्पर को तोड़कर उसके घर के भीतर घुस गए और अलमारी का ताला तोड़कर अलमारी में रखे लाखों रुपए नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात को चोरों ने पार कर दिया है। मकान मालिक जब वापस लौटा तो घर का नजारा देख उसके होश उड़ गए और उसने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रिस्दा बस्ती निवासी ज्ञानेश्वर साहू 42 वर्ष पिता उत्तम लाल साहू बालको संयंत्र में एक निजी कंपनी में काम करता है और अपने घर में राशन दुकान का संचालन करता है। ज्ञानेश्वर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके रिश्ते की भाई की शादी समारोह आयोजित होने पर ज्ञानेश्वर साहू अपने परिवार के साथ 30 अप्रैल को शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने गृहग्राम गया हुआ था। इस बीच चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाते हुए उसके घर के छप्पर को तोड़ दिया और घर में घुसकर घर के भीतर रख दो अलमारी को आसानी से तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपए नगदी, 20 ग्राम सोना, 50 तोला चांदी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। बताया जाता है कि ज्ञानेश्वर साहू 1 अप्रैल की शाम लगभग 530 बजे जब शादी समारोह से अपने घर रिस्दा पहुंचा तो दरवाजा खोलते ही उसके घर के सारे सामान्य अस्त व्यस्त बिखरे पड़े थे। जिससे उसे समझने में तनिक भी देर नहीं लगी कि चोरों ने उसके घर में हाथ साफ कर दिया है।

ज्ञानेश्वर साहू ने इसके उपरांत इस मामले की शिकायत बालको पुलिस से की है। चोरी की सूचना पाते ही पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई है।



टूटा हुआ अलमारी।



टूटी हुई छप्पर जहां से घूसे थे चोर।

### सीसीटीवी कैमरा भी नहीं आया काम

ज्ञानेश्वर साहू अपने घर में किराना दुकान का संचालन करता है और ज्ञानेश्वर साहू द्वारा अपने घर के सामने सीसीटीवी कैमरा भी लगा कर रखा है लेकिन चोरों को यह मालूम था कि उसके घर के सामने कैमरा लगा हुआ है जिससे उन चोरों ने छत के रास्ते छप्पर को तोड़ दिया और घर में आसानी से घुसकर घर में रखे नगदी रकम सहित लाखों का माल पार कर दिया है। ज्ञानेश्वर साहू के मुताबिक उसने राशन दुकान में खरीदी करने के लिए 7 लाख रुपए नगद रखे हुए थे। जिसकी चोरों ने चोरी की है। साथ ही सोने चांदी की जेवरात सहित अन्य सामान की चोरी हुई है। हालांकि पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट होगा कि चोरी कितने की हुई है।

### लोग लगातार बरत रहे हैं लापरवाही

गर्मी के सीजन में लोग अक्सर गर्मी के छुट्टी में घूमने बाहर जाते हैं या फिर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जाते हैं। ऐसे में लगातार चोरी की घटना सामने आती है लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। यदि किसी कारणवश लोगों को घर में ताला बंद कर बाहर जाना हो रहा है तो घर में किसी को सोने की जवाबदारी देनी चाहिए या फिर सोने चांदी के जेवराज सहित इतनी भारी भरकम रकम को घर में नहीं रखनी चाहिए। पुलिस बार-बार आम जनता से अपील करती है लेकिन इसके बाद भी लोग लगातार लापरवाही बरतते हैं जिसके चलते ऐसे चोरी के वारदात को अंजाम देने में चोर सफल हो जाते हैं।

### रेलवे कालोनी में भी हुई चोरी की वारदात

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कालोनी के पास निवास करने वाले मोहम्मद हारून पिता मोहम्मद रुस्तम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 1 मई की रात लगभग 3.30 बजे चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने उसके घर में रखे टीना के पेटी में रखे हाथ का कड़ा चांदी का 2 पीस, कान की बाली सोने का 2 पीस, चांदी का 1 जोड़ा पायल, सोने की फुल्ली 3 पीस, हाथ की मेहंदी चांदी की 2 पीस व नगदी 50 हजार रुपए की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

## प्रेक्षक ने किया पाली के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते प्रेक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आई.ए.एस. प्रेम सिंह मीणा ने आज लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम सुश्री रूचि शार्दुल सहित संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षक श्री मीणा ने पाली के रजकम्मा, मदनपुर, लाफा, पाली, मखनपुर, चैतमा आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवार लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## हसदेव ताप विद्युत गृह में मतदाता को किया गया जागरूकता

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम में नियोजित समस्त नियमित अनियमित संयंत्र-कर्मियों को मताधिकार के महत्व से परिचित कराते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1 मई को मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन संयंत्र के कार्यपालक निदेशक संजय शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन एवं दबाव में आए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश देते हुए वर्तमान लोकसभा चुनावों के तीसरे चरण में 7 मई को कोरबा संसदीय क्षेत्र में होने वाले आम चुनाव में सहभागी बनकर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की शपथ दिलाई गई ।

## सुश्री पांडे ने भूविस्थापित समस्याओं के निराकरण करने किया आश्वस्त, भूविस्थापितों ने दिया समर्थन





भूविस्थापितों को संबोधित करतीं सुश्री सरोज पाण्डेय व उपस्थित भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम दुरेना में चारो परियोजना गेवरा, दीपका, कुसमुंडा एवं कोरबा क्षेत्र के खदान प्रभावित भूविस्थापितो का सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में चारों परियोजना के भूविस्थापित लोग सम्मिलित हुए। खदान प्रभावित भूविस्थापित चार पांच दशकों से अपनी रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास, मूलभुत सुविधाएं संबंधी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु लंबे समय से प्रयासरत हैं। समस्याओं के निराकरण हेतु समय-समय पर भूविविस्थापितों के द्वारा खदान बंदी, धरना प्रदर्शन एवं मुख्यालय घेराव का आंदोलन किया जाता रहा है, परंतु प्रबंधन की उदासीनता के कारण समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है। वही प्रबंधन के अधिकारी भूविस्थापित समस्याओं के निराकरण करने के लिए गंभीर नहीं है उनका ध्यान केवल उत्पादन क्षमता को पूरा करने पर ही केंद्रित है ।

सम्मेलन में कोरबा लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे ने पहुंचकर भूविस्थापित की समस्याओं को सुना एवं उनकी पीड़ा को समझते हुए इस बात पर चिंता जाहिर की। दशकों से आखिर रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास संबंधी समस्याओं का निराकरण क्यों नहीं हो रहा है। सुश्री सरोज पांडे ने भूविस्थापितों को आश्वस्त किया कि पुराने प्रतिनिधि ने आपका जो काम नहीं किया है, चुनाव जीतने पर मेरे द्वारा उस काम को समय सीमा में पूरा कराया जाएगा। सम्मेलन में उपस्थित सभी क्षेत्र के भूविस्थापितों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा जिला देश के पिछड़े जिलों में सम्मिलित है यहां का जो विकास होना चाहिए था, वह विकास नहीं हुआ है । कोरबा क्षेत्र का विकास कराना है। भूविस्थापितों के द्वारा माइनिंग कॉलेज खुलवाने की मांग करने पर सांसद चुनकर आने पर माइनिंग कॉलेज खुलवाने की बात कही गई। सुश्री पाण्डे ने कहा कि माइनिंग कॉलेज खुलने से यहां के बच्चे भी उच्च पदों पर आसींन होंगे । कार्यक्रम में चारों परियोजना के निर्वाचित प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान प्रमुख रूप से सुभद्रा कंवर, बृजेश श्रीवास, बहतरीन बाई, हीरालाल कंवर, अंजोरसाय पटेल, ललित पटेल, रामेश्वर श्रीवास, बसंत यादव , पवन पटेल , हेमलाल श्रीवास , सोनी, परमेश्वर बिंझवार, वीर सिंह , प्रकाश कोराम, नरेंद्र राठोर , ललिता बाई , सुमन शुक्ला, तीज बाई, मोहन सिंह , रामगोपाल, रनसाय चौहान, बसंत चौहान, संजू एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों में जिला पंचायत सदस्य क्रमांक 12 प्रीति कंवर, जनपद सदस्य शैल बाई कंवर , सरपंच खोडरी प्रताप सिंह कंवर, सरपंच डुकूपथरा राजकुमार बिंझवार एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## आईडी एक्ट लागू किए जानें से श्रमिकों ने श्रम मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- बालको में बीएमएस के सम्मेलन में शामिल हुए श्रम मंत्री

बालको के सेक्टर 3 में बालको कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन और भाजपा की कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी सरोज पांडेय शामिल हुए। श्रमिकों ने आईडी एक्ट लागू किए जाने से श्रम मंत्री देवांगन का आभार व्यक्त किया। श्रममंत्री श्री देवांगन ने 1 मई विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर भारत की प्रगति और खुशहाली में अद्वितीय भूमिका निभाने वाले सभी श्रम योगियों को सलाम करता हूं। श्रमेव जयते के मंत्र के साथ मोदी सरकार अपने कठिन परिश्रम और संकल्प से भारत को विश्व में अग्रणी बनाने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कटिबद्ध है। यह दिवस हमारे करोड़ों मजदूर भाई-बहनों की मेहनत और लगन के सम्मान के लिए समर्पित है। वे एक बेहतर और समृद्ध भारत की नींव तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के प्रति कटिबद्धता को आगे ले जाते हुए भाजपा सरकार ने श्रमिकों के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना लागू की हैं। प्रदेश सरकार श्रमिक और उनके परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ उनको बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व महामंत्री नवीन पटेल, नेता प्रतिपक्ष हितानन्द अग्रवाल, बालको मंडल अध्यक्ष शिव बालक तोमर, बीएमएस के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल, पार्षद लुक्की चौहान समेत अधिक संख्या में श्रमिक बैठक में शामिल हुए।



उद्योग मंत्री का स्वागत करते कर्मी।

### भाजपा में शामिल हुए ठेका मजदूर

बालको के सेक्टर 4 में आयोजित बैठक में विभिन्न श्रमिक संगठन के मजदूरों को श्री देवांगन ने भाजपा में प्रवेश कराया। भाजपा में शामिल होने वाले में अशोक पटेल, सुद्दामा साहू, देवराज, लाला प्रजापति, रिशी पटेल, पुखराज सिन्हा, होरीलाल, चंद्रशेखर, कृपाल, प्रशांत कौशिक, चिंताराम, संदीप, अजय सहित अन्य शामिल हैं।

### उद्योग मंत्री ने डिजनीलैंड मेला का किया शुभारंभ

**कोरबा।** शहर के महाराणा प्रताप चौक, बुधवारी बाजार के पास डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया। इस दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर में इस तरह के मेले लगने से शहर की रौनक बढ़ जाती है। बच्चे और बड़ों को शहर में मनोरंजन एवं मेला का आनंद उठा पाते हैं। मेला के आयोजक कुलदीप ताम्रकार ने बताया कि इस वर्ष डिज्नीलैंड मेला भव्य तरीके से लगाया गया है। मुख्य आकर्षण हाइड्रोलिक झूला, ब्रेक डांस, मिकी माउस, मौत का कुआँ, ड्रैगन ट्रेन, छोटा बड़ा झूला है। विभिन्न राज्यों से लाए सामग्री, साथ ही बच्चों के भी खेलने की सामग्री लगायी गयी है। स्टॉल में कालीन, महिलाओं के लिए जूता चप्पल, फेमस अचार, ज्वेलरी व उडेन फर्नीचर के आलावा कई आइटम के साथ स्टॉल लगा है। खाने पीने के लिए विशेष दुकान मिठाई, पाव भाजी एवं भेलपुरी सहित खाने-पीने के कई सारे स्टाल लगाए गए हैं। मेला शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक होगा, मेला 45 दिनों तक रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, रवि चंदेल, प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, सुशील गर्ग, कुलदीप ताम्रकार, शमशुद्दीन, गुप्ता, राजू, अशोक सहित अन्य उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## बिना किसी संशय से अपनी जिम्मेदारियों का करें निर्वहन: मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रेम सिंह मीणा

सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। ट्रैनिंग में निर्वाचन कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं उन्हें चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा ने सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को कुशलता पूर्वक मतदान सम्पन्न कराने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी बिना किसी संशय से अपनी जिम्मेदारियों का गम्भीरता से निर्वहन करें एवं प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए अपने शंकाओं का समाधान प्राप्त करें। जिससे आप बिना किसी झिझक के सौपें गए दायित्वों को पूरा कर सकें। सीईओ जिला पंचायत श्री मिश्रा ने भी सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को आपसी समन्वय से टीम के रूप में कार्य करने एवं निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करने की बात कही। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ जोशी द्वारा माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रथम ट्रेनिंग में दी गई जानकारियों का स्मरण कराते हुए 18 विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट से अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न प्रपत्रों की उपयोगिता बताकर संधारित करने के संबंध में जानकारी दी गई।

